प्रेस नोट

सफाई कर्मचारी भर्ती 2024 के अन्तर्गत स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के परिपत्र क्रमांक 4749–5049 दिनांक 15.10.2024 के द्वारा सफाई कर्मियों को अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के प्रावधान के तहत् नगर निगम अजमेर में नियोजित सफाई कर्मियों द्वारा दिनांक 29.10.2024 से कार्यालय दिवस पर अनुभव प्रमाण पत्र आवेदन प्रस्तुत किये जा सकेंगे, जिसमें महिला सफाई कर्मियों द्वारा भूतल पर स्थित कमरा नं. 117 एवं पुरूष सफाई कर्मियों द्वारा कमरा नं. 127 में स्थित एकल खिड़की पर आवेदन प्रस्तुत किये जा सकेंगे। नगर निगम में नियोजित सफाई कर्मी राज्य सरकार द्वारा जारी संशोधित प्रारूप में अनुभव प्रमाण पत्र को संस्था/ठेकेदार से जारी करवाकर नगर निगम अजमेर में कार्यालय समय में सुबह 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे। जिसमें सफाई कर्मी आवेदक की पहचान हेतु स्वयं के आधार पहचान पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, साथ ही निम्न में से कोई भी एक दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है:–

1. ई.पी.एफ कटौती के विवरण की प्रति।

   या

2. ई.एस.आई कटौती के विवरण की प्रति।

   या

3. वेतन संबंधी बैंक खाते का विवरण।

उपायुक्त
नगर निगम अजमेर